CHANNEL PR
PUBLIC RELATIONS CONSULTANCY

Publication	Deshbandhu
Date	6 June
Edition	Greater Noida

सिमुलेशन ब्रॉन्कोस्कोपी वर्कशॉप आयोजित

ग्रेटर नोएडा, 5 जून (देशबन्धु)। शारदा अस्पताल और शारदा केयर- द हेल्थसिटी ने प्राइमा विस्टा-रिचर्ड वुल्फ अकादमी, जर्मनी के सहयोग से एक बेहतरीन लाइव सिमुलेशन ब्रॉन्कोस्कोपी वर्कशॉप का आयोजन किया। यह वर्कशॉप शारदा हॉस्पिटल के अंतरराष्ट्रीय ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित की गई थी। इस कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य सेवापेशेवरों को अपने एक्यूट केयर ब्रोंकोस्कोपी कौशल को बढ़ाने के लिए प्रभावी मंच प्रदान किया गया। इस वर्कशॉप में प्रतिभागियों को लाइव सिमुलेशन और ट्रेनिंग सेशन के माध्यम से गंभीर बीमारियों में ब्रॉन्कोस्कोपी प्रक्रियाओं

को करने का बहुत अच्छा अनुभव मिला। इससे उन्हें इंटेंसिव केयर यानी गंभीर देखभाल चिकित्सा में कुशल होने के लिए जरूरी जानकारी भी हासिल हुई।

वर्कशॉप में मुख्य अतिथि जिनमें प्रो. डॉ. तुशिरा वीरवरना,डायरेक्टर लंग सेंटर, रिचर्ड वुल्फ अकादमी, फॉर्जिहैम, जर्मनी और वोल्कर माउटे, वाईस प्रेसिडेंट, सेल्स एवं मार्केटिंग, रिचर्ड वुल्फ अकादमी, जर्मनी से इस कार्यक्रम में शामिल थे। इनके अलावा सुनील सत्य कपूर, सीईओ शारदा केयर-द हेल्थसिटी और शारदा हॉस्पिटल, डॉ. राम मूर्ति शर्मा एवं अन्य मौजूद रहे।